The project is restarting again. That militancy is there is a hard reality of life. AU that I want to submit to you is, please do, not use these points for political purposes in a manner which will jeopardise... (Interruptions). You want the work to be started there. Is that your prime area or is it that you want to take political advantage of it? *(Interruptions)*. Mr. Vice-Chairman, he should have applied himself to the facts and thanked the French Government to have realised the errors of the civil contractor. Because of that the work was delayed. It is going to start very shortly.

श्री एस० एस० अहलवालिया : (बिहार) उपसभाध्यक्ष महोदय, कश्मीर में प्रेज़ीडेंट रूल की अवधि बढ़ाने के इस रेजोल्यूशन का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। कश्मीर सिर्फ इस सदन की समस्या नहीं है परन्तु सारे भारत की एक समस्या हो कर खड़ी हुई है। इसके लिए अगर हम बहुत गम्भीरता से विचार करें कि वहां की इस समस्या के जो मुख्य कारण हैं वह क्या हम भारतवासियों के हैं तो बहुत सोचने और समझने पर एक जवाब आता है कि कुछ हद तक हम जिम्मेदार हैं हैं। और ज्यादा हद तक बाहरी ताकतें है जो कश्मीर को भारत से छीन लेना चाहती वह जिम्मेदार है। कश्मीर एक सपना बन कर रह गया हमारे पड़ोसी देशों का। जब वह पढ़ते हैं "अगर फिरदौस बरूए-जमी अस्त, हमी अस्तों, हमीं अस्तो, हमीं अस्त" और यह स्वर्ग छीनने का सपना एक बहुत पुराना सपना है लोगों का। बहुत से हमलावर आए कश्मीर को भारत से छीनने के लिए और उसका जवाब भारत के लोगों ने, भारत के उस वक्त के राजा-महाराजाओं ने दिया। भारत के लोगों ने जवाब दिया। आज़ जब इस देश को चलाने के लिए, संचालन करने के लिए इस पृथ्वी के सारे देशों को चलाने के लिए रूल आफ वार बन गया, यू.एन.ओ. बन गया तो बहुत से लोगों ने दूसरे ढर्रे अपना लिये हैं। वह रास्ता, ढर्रा ऐसा है जिसमें फौज ले कर के आने की जरूरत नहीं है किसी कंट्री के किसी पार्ट को अनेक्स करने के लिए। उस कंट्री में बगावत करा कर, उस कंट्री में

आतंकवाद फैला कर, अलगाववाद की भावना जगा कर इस मुल्क के उस हिस्से को उससे अलग किया जा सकता है। जैसे गांव का जो अमीर और सशक्त किसान होता है अगर वहां 6 भाइयों का एक परिवार होता है तो उसका दुश्मन सब से पहले यह कोशिश करता है कि उसके परिवार को कैसे तोड डाले। परिवार अगर टूट जाएगा तो उस परिवार की शक्ति खत्म हो जाएगी, सम्पत्ति खत्म हो जाएगी। उसकी सभ्यता और संस्कार खत्म करने की कोशिश की जाती है और यही कोशिश कश्मीर में भी हो रही है। ऐसी कोशिश पंजाब में भी की गई इसके पहले तरह के बाद, सामाजिक बिकारों को जो ग्राम समाज में बैठ कर, पंचायत में बैठ कर के फैसले किये जा सकते हैं, वैसे बिकारों को उठा कर समाज को बांटने की कोशिश की गई और अंत में मुल्क को भी बांटने की कोशिश भी चली। 1990 से वहां पर राष्ट्रपति शासन है। हर 6 महीने पर हम एक रेजोल्यूशन पेश करते हैं। एक्सटेंशन के लिए और हर वक्त यह कोशिश करते हैं, इस उम्मीद से हम समाप्ति करते हैं कि शायद अगली बार यह कश्मीर का प्रस्ताव हमारे सामने नहीं आएगा, कश्मीर में अपनी सरकार होगी। पर मैं समझता हूं कि इसमें भी बहुत सारे प्रेशर और काऊंटर प्रेशर काम करते हैं जो इस काम को होने नहीं देते। जब आतंकवादी पाकिस्तान से लाई हुई बंदूक के द्वारा या राकेट के द्वारा लोगों की नृशंस हत्या करते हैं तब लोग स्तब्ध हो जाते हैं, चुप से हो जाते हैं, पर वही आतंकवादी जब कल को पुलिस के साथ या बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में या आर्मी के साथ मुठभेड़ में मारा जाता है तो हम लोगों के बीच में से खड़े हो कर कोई कहने लगता है कि यह झूठी मुठभेड़ है, यह फेक इनकाऊंटर है जिसमें मारे जा रहे हैं। मैं इस चीज से जरा परे हटता हूं। मैं नहीं चाहता हूं कि दहशतपसंद लोगों के माध्यम से किसी भी मां का बेटा छीना जाए, किसी भी पत्नी का पति छीना जाए या किसी भी बहन का भाई छीना जाए। कोई परिवार उजड़ जाए, ऐसा मैं नहीं चाहता हूं और शायद कोई भी ऐसा नहीं चाहता है। पर इन दहशतपसंद लोगों को कंट्रोल करने के लिए अक्सर मुद्दा हम यही बना लें कि या तो हम इन्हें फिजिकली इलीमिनेट करें या इनको हम कैद-खाने में बन्द कर ले तो यह इसका रास्ता नहीं है। इसके रास्ते हैं। कुछ सुधार लाने की जरूरत है। आज तक जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर काश्मीर कभी भी नहीं बंटा हुआ था। काश्मीर के बारे में कभी किसी ने नहीं कहा कि वह हिन्दू का राज्य है या मुसलमान का राज्य है, कि वहां सिर्फ अजान ही सुनी जाती है या शिवालय की घंटियों भी बजती है या सेवा पादशाही का जो गुरुद्वारा है उससे भी गुरबाणी सुनी जाती है। आज भी वहां पर वे तीनों उपस्थित हैं और लाखों करोड़ों की संख्या में श्रद्धालू लोग जाते हैं और आकर अपना सिर नमन इष्ट देवता के सामने करके वापस आते हैं। हां इतना जरूर हुआ है कि पाकिस्तानियों ने कुछ अपनी परम्परा के माध्यम से जिस तरह से पहले गुरुद्वारों में आतंकवादियों का प्रवेश करवाया उसी तरह से मस्जिदों में भी प्रवेश करवाने की कोशिश की। पर वहां जब इस लाजिक को सामने रखते हैं तो मेरे सामने एक आतंकवादी की डायरी आती है। हम लोग, एक संसदीय दल काश्मीर के दौरे पर था तो वहां पर एक आतंकवादी से सीज की हुई एक डायरी वहां के एक आर्मी अफसर ने हमको पढ़कर सुनाई। उसमें बड़े साफ लफ्जों में लिखा हुआ था कि मैं हिन्दुस्तान में पैदा हुआ था और वहां की दरियाओं का पानी पीकर, यहां की आबोहवा को महसूस करके मैं हिन्दुस्तानी हूं और शायद हिन्दुस्तानी ही मरूंगा। पर मैं ने ए.के.47 इसलिये उठा ली कि जब मैं देखता हूं कि मेरी इबादतगाह को तोड़ने में लोग लगे हुये हैं और मेरी इबादतगाह को तहश नहश कर देना चाहते हैं, तब मुझे लगता है कि शायद अपनी इबादतगाह की रक्षा करने के लिये मुझे ए.के.-47 उठानी पड़ेगी। इन अल्फाजों को देखकर विश्वास सहम सा जाता है कि आखिर हम भारतीय संस्कृति, संप्रदाय और सभ्यता की अगर रक्षा करना चाहते हैं तो इन बच्चों के लिये जो पड़ोसी राज्य के हाथ विभ्रांत हुये हैं, जो पड़ोसी राज्य के हाथों गलत रास्ते पर चल रहे हैं क्या साल्यूशन ढूंढेंगे, कहां से ढूंढेंगे, कौन-सा रास्ता अपनायेंगे। मैं समझता हूं कि जो रास्ता

[श्री एस० एस० अहलुवालिया]

हम लोग आज तक अपना रहे हैं वहां कहीं न कहीं कोई कमी है । इस पर सेल्फ-इंट्रोस्पेक्शन करने की जरूरत है क्योंकि आखिरकार इतने दिन से ऐसा तनाव चल रहा है कि जितने डवलपमेंट के फंड हैं वे हमारे डिफेंस की तरफ डाइवर्ट हो रहे हैं । एक मामूली सी बात है जब चीन और हिन्दुस्तान का बार्डर, नेफा बार्डर था, तनाव वहां था तो हमारी फौजें वहां खड़ी रहती थीं। अपने डिफेंस फंड को या सुरक्षा व्यवस्था को रोकने के लिये जिस पड़ौसी राज्य या देश से हमारी शत्रुता चलती है, जब वह कम हो जाती है तो दोनों तरफ से खर्चे कम होते हैं । ऐसा इंटरनेशनल फोरम पर बहुत बार डिसकस हो चुका है कि बार्डर पर तनाव कम किये जायें । किन्तु जब वह देश के अन्दर ही बार्डर खींच दिये जायें, गांव-गांव में बार्डर खींच दिये जायें, घर-घर के बीच में दीवारें खींच दी जायें कि तुम हिन्दू हो, तुम मुसलमान हो, तुम काश्मीरी हो, तुम भारतीय हो, तुम पंजाबी मुसलमान हो, तुम बिहारी मुसलमान हो तो सारा का सारा ध्यान उधर चला जाता है उस असुरक्षा की तरफ जहां सुरक्षा की जरूरत पड़ गई है । हमें सारी सुरक्षा व्यवस्था में कुछ बदलाव लाने की जरूरत है ।

महोदय, काश्मीर वैली, जम्मू और लद्दाख तीनों के परिवेश अलग है। तीनों की परिस्थितियां अलग हैं, तीनों की विचारधारा अलग है। पर एक राज्य है। पिछले दिनों बहुत एपीटेशन चल रहा था लद्दाख में कि लद्दाख को यूनियन टेरीटरी बना दिया जाए । पर उसके बाद गृह मंत्रालय से तरह तरह के विचार विमर्श होने के बाद वहां पर एक विचार चला कि नहीं यूनियन टेरीटरी तो नहीं एक आटोनामस कांउसिल बना दी जाए । क्योंकि वे अपनी समस्याएं खुद सुलझा सकें । 12 महीनों में 7–8 महीने जहां बर्फ जमी रहती है और सड़कें बंद रहती हैं और वह 7–8 महीने बंद रखने के लिए 3–4 महीने के अंदर सारा सामान, सारा व्यापार, सारा कुछ इंतजाम करते हैं और जहां एक फसल कटती है, उनकी अपनी समस्याएं हैं और वे समस्याएं आज वैली की समस्याओं के कारण वे भी प्रभावित होते हैं । आज उनके मन में असुरक्षा की भावना जाग रही है । जम्मू और वैली के बारे में देखा जाए तो दोनों जगह चिंतन धाराएं अलग थीं, अलग हैं और शायद अलग रहेंगी पर हम जो सुरक्षा देना चाहते थे इतने दिन हर तरह का जिस तरह प्रयोगशाला में कितनी चीजें प्रयोग की जाती हैं, मेरे ख्याल से यहां हमने प्रयोगशाला बना दिया और जितनी मर्जी की, जिस आफिसर का, एडवाइजर का, जिस गवर्नर का जो फार्मूला चला हरेक आदमी ने अपना फार्मूला चला दिया और काश्मीर को प्रयोगशाला बना कर रख दिया और रिजल्ट क्या हुआ । रिजल्ट आज फिर हम इस सदन के सामने हैं कि एक्सटेंशन कर दें । यह मैं किसी एक पटिकुलर पोलिटीकल पार्टी या इसकी बात नहीं कर रहा हूं, पर अभी तक हम इस नतीजे पर नहीं पहुंचे । क्यों नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं क्योंकि हमारे जो शत्रु हैं, हम उसका जवाब नहीं दे सके । हमारे शत्रु ये बच्चे नहीं हैं, हमारा शत्रु वह है जो इनको हाथों में बंदूकें पकड़ाता है, हमारा शत्रु वह है जो इनको रॉकेट देता है, हमारा सब से बड़ा दुश्मन वह है जो इनके हाथों में गिरनेड पकड़ाता है और रिमोट कंट्रोल के बम पकड़ाता है । हमें उसको जवाब देना चाहिए । उसको जवाब देने के लिए हम हिचकिचाते हैं । हमें उसको जवाब देने के लिए तैयार होना पड़ेगा और सिर्फ यू.एन.ओ. में ही नहीं, यूनाइटेड नेशंस में तो बड़े-बड़े भाषण होते हैं और वहां भाषणों के जवाब भाषणों से दे दिए जाते हैं और वे वहां के स्विटजरलैंड और जेनेवा के अखबारों में छप जाते हैं, पर असली जमीन पर क्या हो रहा है उसका जवाब देने की जरूरत है ।

मैं एक बात में अपने विपक्ष के नेता से सहमत हूं यह कि अकूपाइड काश्मीर के बारे में बात है । हम बच्चों को जब हिन्दुस्तान का नक्शा पढ़ाते हैं तो हम उसमें दिखाते हैं कि कितना खूबसूरत सिर भारत माता का है । पर वास्तव में जब हम ब्रिटेनिका या जो लेटेस्ट वर्ल्ड एटलस है, रीडर डाइजेस्ट का एटलस है या कोई भी इंटरनेशनल एटलस है उसको खोल कर जब देखते हैं तो उसके बीच वह सिर कटा हुआ है और लाल लकीर खिंची हुई है । पर एक हिस्सा पाकिस्तान के पास है, एक हिस्सा चीन के पास है, सिर है ही नहीं । वह अजीब सा लगता है । तो जब तक इन चीजों को, इन मुद्दों को उठा कर हम अपने सही शत्रु की पहचान नहीं बतायेंगे सही शत्रु को पहचान कर उसका इलाज नहीं करेंगे तो शायद काश्मीर का मुद्दा इसी तरह का रह जाएगा ।

अभी हमने कुछ लोगों को टाडा से मुक्त किया । टाडा से मुक्त होने के बाद हमारी इंटेलीजेंस सोर्सेस क्या करती हैं, हमारे आई.बी. वाले उनके पीछे रहते हैं या नहीं, मोनिटर करते हैं या नहीं, वे कहां जाते हैं, क्या करते हैं, अभी जो मुख्य-मुख्य लीडर छोड़े गए, मैं यह नहीं कहता कि सारी उम्र आप उनको जेल में बंद करके खत्म कर दें । नहीं तो हमारे और ब्रिटिश साम्राज्यवाद में क्या फर्क रहेगा । उन्होंने हमारे स्वतन्त्रता सेनानियों को हमारे देश में उस टाईम उनको टैरोरिस्ट कहा जाता था, उनको जेल में बन्द किया । कानून है । कानून के तहत सारा काम होता है । पर हम जब छोड़ते है तो उनको वॉच करने की जरूरत है । वे कहां जा रहे हैं, वाकई फिर वे टैरोरिस्ट्स एक्टिविटीज में संलिप्त हो गये हैं, जैसी अवस्था में उनको पहले पकड़ा गया था । अगर फिर वे वहीं वापस जा रहे हैं, तो हमारा उस पर कन्ट्रोल होना चाहिये ।

महोदय, मैं समझता हूं कि जल्द से जल्द हमें वहां डेमोक्रेटिक प्रक्रिया शुरू करनी चाहिये । मिजोरम में भी बहुत आतंकवाद था, आसाम में भी बहुत आतंकवाद था, पंजाब में भी बहुत आतंकवाद था, मैं समझता हूं कि वहां की जोगराफीकल कंडीशंस में फर्क हो सकता है, पर आतंकवाद शायद इस डिग्री से भी बढ़ कर था । उसके बावजूद उस मौके की सरकार ने और इस सरकार ने संकल्प किया कि हम चुनाव करायेंगे, वह सही था । वहां चुनाव कराए गए और सरकार बहाल हो सकी । अब वहां के लोग बैठकर अपने फैसले करते हैं । आज काश्मीर में भी इसकी जरूरत है, लेकिन आप पहले से डिसाइड मत करिए कि किसको लाना है । आप यह डिसाइड करिए कि कोई भी चुनकर आता है, वह शासन करे । वह हमारे देश के संविधान के तहत काम करने वाला आदमी होना चाहिए क्योंकि जिसको काश्मीर के संविधान और हिन्दुस्तान के संविधान में विश्वास होगा, वह चुनाव लड़ेगा और वही सरकार चलाएगा । तो हमें कोशिश करनी चाहिए कि वहां हम किस तरह से गणतांत्रिक पद्धति शुरू कर सकें ।

महोदय, अगर हम काश्मीर के हालात पर बात करते समय सिर्फ बन्दूक, राकेट और ग्रेनेड की बात करें, तो वह ठीक नहीं होगा । वहां की मुसीबतें भी बहुत हैं । पिछले दिनों वहां बर्फ का पहाड़ ढह गया और कई लोग मारे गये और जान और माल की कितनी बर्बादी हुई, हमें पूरी बात पता नहीं है । मैं मन्त्री जी से कहना चाहूंगा कि वह सदन को बतायें कि प्रभावित लोगों को पूरा कम्पनसेशन मिल सका है कि नहीं? उसके बाद आइंदा ऐसी घटनायें न घटें, इसके लिये आप क्या प्रिकॉशन ले रहे हैं ? ठीक है कि वह नेचर ने किया, लेकिन अगर वहां एक सुरंग बन्द हो गई तो सारे रास्ते बन्द हो गये । वह शैतानी नाले का इलाका बन्द हुआ तो पूरा इलाका बन्द हो गया । उसके लिये आल्टरनेटिव अरजमेंट क्यों नहीं करते ? कल को उस इलाके पर अगर कोई कब्जा कर ले तो काश्मीर तो आपसे बिछड़ गया ? आप एक रास्ते पर ही क्यों डिपेंड करते हैं ? वहां पर आल्टरनेटिव रोड का क्या अरजमेंट

[श्री एल० एस० अहलुवालिया]

है, उस बारे में मंत्री महोदय बताने की कृपा करें।

महोदय, इसके साथ-साथ एक और चीज ध्यान में रखने की जरूरत है, जिसे कि मैं कई बार सदन में उठा चुका हूं कि हमारे यहां तो हम टैरिरिस्म कन्ट्रोल के नाम पर आतंकवाद को दबाने की कोशिश कर रहे हैं, पर इसका मुख्य कारण पाकिस्तान द्वारा नशीले पदार्थों की स्मगलिंग है। यह इसके लिये सबसे बड़ा कारण है यह एक नैक्सस है, ड्रग ट्राफिकिंग का और साथ ही टैरिरिस्ट का। इसमें उन्हीं का पैसा लगता है और सब कुछ लगता है। तो उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त के कई हिस्सों में लोगों ने सरे-आम अफीम, चरस और हैरोइन की खेती शुरू की हुई है। पहले अफगानिस्तान के साथ इनका गोल्डन-ट्रायंगल था, लेकिन जब पाकिस्तान में रसियन फोर्सेस आईं, तो उसके बाद से वहां यह बन्द हो गया। फिर इन्होंने पंजाब का रास्ता पकड़ा और जब पंजाब में शांति कायम हो गयी, वहां लोग जागरूक हो गए, तो अब काश्मीर में जोर पकड़ा हुआ है। तो इस पर भी ध्यान देने और इसे रोकने की जरूरत है।

महोदय, इसके साथ-साथ में यह भी कहना चाहूंगा कि आतंकवाद से प्रताड़ित होकर जो रिफ्यूजी पहले जम्मू में ठहरे हुए थे और अब दिल्ली व हरियाणा के बहुत से हिस्सों में हैं, जब तक आप उन्हें सुरक्षित वापिस नहीं भेज देते, तब तक आपको चाहिए कि जिस तरह से पाकिस्तान और हिंदुस्तान बना था और बहुत से लोगों का मायग्रेशन हुआ था, उनकी रिलीफ के लिए हमारे पास एक रिलीफ पैकेज है जिसके तहत शैल्टर, एम्प्लायमेंट, फूड, मेडिकल एड और एजुकेशन की फैसेलिटी देने की जरुरत पड़ती है। तो मैं समझता हूं कि हमारे देश के जिन-जिन राज्यों में वे रहना चाहें, उन राज्यों से बात कर के उन्हें वहां रिहेबिलेट करने की कोशिश करनी चाहिए। आखिर हम सब भारतवासी हैं और उनका जो कष्ट है, वह चाहे जिस कारण से हुआ है—चाहे आतंकवाद के कारण से हुआ है पाकिस्तान के कारण हुआ है। उनकी इस मुसीबत की घड़ी में हरेक भारतवासी को उसके साथ खड़ा होना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं फिर अपनी बात को दोहराता हूं कि हम इस जख्म की तरफ ही न जाएं बल्कि जख्म हुआ क्यों और कौन इस जख्म को बार-बार कुरेद रहा है, उसकी तरफ जाएं अर्थात् पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने की कोशिश करें तभी वह बाज आएगा। वह तो सोच रहा है कि सन 1971 में भारत गलती से जीत गया था। उसके दिमाग में यह बात आ गई है कि भारत सन 1971 में गलती से जीता था। उसको बता दिया जाए कि वह गलती से जीत नहीं थी, वह सही तरह से थी और शायद उस वक्त कम मार पड़ी थी। इस बार ज्यादा मार पड़वाकर उन्हें सबक सिखाने की जरुरत है ताकि आईंदा वह इस तरह की घुसपैठ बंद करे। धन्यवाद।

मुफ्ती मोहम्मद सईद (उत्तर प्रदेश): वाइस चेयरमैन साहब, आज जो यहां रेजोलूशन पेश हुआ है, कश्मीर में प्रेसिडैंशियल रूल एक्सटेंड करने का, मुझे नहीं लगता कि इसके बगैर कोई और रास्ता है, जब तक कि वहां हालात साजगार न हों, जब तक कि चुनाव का अमल शुरू न हो। मैंने यहां लीडर आफ द अपोजीशन सिकंदर बख्त साहब के ख्यालात सुने।

वाइस चेयरमेन साहब, कश्मीर को किस तरह से देखा जाए। एक जमाना था, जब हम जम्मू-कश्मीर को हिन्दुस्तान की सभ्यता, हिन्दुस्तान की मिलीजुली तहजीब का नमूना समझते थे, "सिंबल आफ सेकुलरिज्म" समझते थे। जब हिंदुस्तान का बटवारा हुआ, कश्मीर ही एक स्टेट थी, कश्मीर के लोग ही ऐसे लोग थे, जिन्होंने मोहम्मद अली जिन्ना के दो कौमी नजरिए को ठुकरा दिया। मुस्लिम अकसरियत होने के बावजूद हिन्दुस्तान से अपना नाता जोड़ा। यह लंबी कहानी है। उसमें हालात कैसे खराब हुए, कौन जिम्मेवार है, इसका आगे लिखने वाले मवारिफ जो हैं वह

फैसला करेंगे । मैं तो यह कहना चाहता हूं कि मैं मुल्क के कोने कोने में गया हूं। भारत का कोई हिस्सा नहीं, जहां मैं न गया हूं । जहां तक हिन्दुस्तान के लोगों का ताल्लुक है, जहां तक भारत सरकार का तालुक है, जितना फइआजाना तरीके से, जेनरसली कश्मीर के साथ सलूक किया गया, मुझे नहीं लगता कि किसी और स्टेट के साथ हुआ हो । आप वहां का कोई गांव देखिए जहां सड़क न हो, कोई गांव देखिए जहां अस्पताल न हो, कोई गांव देखिए जहां स्कूल न हो । इस हद तक कश्मीर में एजुकेशन, प्राइमरी लेवल से यूनिवर्सिटी तक फ्री एजुकेशन है, कोई ट्यूशन फीस नहीं । मैं समझता हूं कि जब हम टूरिज्म की बात करते हैं, जब हम जन्नत की बात करते हैं और सारी जगह देखते हैं तो कश्मीर का कोई जवाब नहीं। It is a destination for all times. जिस वक्त आदमी जाए, जहां जाए ऐसी डायवर्सिटी कहीं नहीं मिलती । लेकिन, क्यों हुआ खराब ? अब हालात ऐसे हो रहे हैं— that there will be more devolution ofpowers from the Centre to the States. हिन्दुस्तान का फैडरल स्ट्रक्चर ज्यादा मजबूत हो रहा है । जैसे पंचायत की बात की जाती है, दूसरी स्टेट को ज्यादा पावर देने की बात करते हैं । कश्मीर को हिन्दुस्तान में कंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क में जो मिला है, वह बहुत कुछ मिला है । हमारा अपना सेपरेट कंस्टीट्यूशन है, अपना स्टेट फ्लैग है, नेशनल फ्लैग के साथ, जैसे अमरीकन कंस्टीट्यूशन में है, अपनी रेजिड्यूरी पावर्स हैं । हमारा स्टेट सब्जेक्ट है। क्या लिया है ? हिन्दुस्तान में कश्मीर से एक इंच जमीन किसी ने नहीं खरीदा है। लेकिन हुआ क्यों ? अब रामाराव जी आज बात कर रहे हैं वहां दो रुपए किलो चावल देने की, कश्मीर में तो कोई 30 साल से राशन सब्सिडाइज्ड है। क्यों हुआ है ऐसा ? जो हिन्दुस्तान में डिमोक्रेटिक सिस्टम है, उस पर हमें फक्र है । यह देश जिंदा है, यह भारत जिंदा है, इस वजह से कि यहां लोकतंत्र है, यहां जम्हूरियत है, यहां वोट की पर्ची से लोगों की तकदीर का फैसला होता है । कश्मीर में हमेशा कहीं मजबूरी की वजह से बाद में जो भी चुनाव हुए वे मेन्युपूलेट हुए । ऐसा लगा लोगों को कि जो भी करना है, कश्मीर के लोगों को फैसला नहीं करना है। कौन हुकूमत करने वाला होगा, यह फैसला दिल्ली से होगा । ऐसा कॉलोनीज में होता था । ब्रिटेन का प्राइम मिनिस्टर वहां फैसला करता था कि कहां किसको भेजना है । ऐसे जो चुनाव हुए, पहले भी होते थे, बाद में भी हुए पिछले भी हुए । जम्हूरियत में जब यकीन होता है तो जवानों को गुस्सा होता है, हर स्टेट में होता है। वहां जम्हूरियत है, 1967 से तमिलनाडु में डीएमके, एडीएमके का राज चल रहा है, बंगाल में सीपीएम का है 1977 से और यह लोगों का फैसला है। लोग फैसला करते हैं और चलता है । लेकिन कश्मीर में कुछ 1987 के चुनाव, उससे पहले 1983 के चुनाव जो हुए उससे उन्हें लगा कि हमारे हाथ में तो कुछ नहीं । जवानों ने बंदूक उठाई, यह सही है । पाकिस्तान ने पहले भी, 1947 के बाद 1948 में कश्मीर में बम-धमाके होने शुरु हुए । लेकिन कहते हैं जब अंदर कोई इनफ्लेमेबल मेटीरियल हो, बाहर से कोई तीली लगाए तो आग लग सकती है पर अंदर अगर आग लगने वाली चीजें नहीं हों तो आग नहीं लग सकती है । तो मेरे साथियो, इसमें जो कहा गया है, जो आम है, मैं भी इस साल तकरीबन तीन महीने कश्मीर में रहा, लेकिन वहां जाकर आपको मालूम होगा, जैसा इन्होंने कहा और हम कह रहे हैं, यह सही बात है कि लॉ एंड आर्डर सिचुएशन में जहां तक एडमिनिस्ट्रेशन को कंट्रोल करने की बात है, एक तरह का न्यूविलअस चल रहा है। जो यहां से अफसर जाता है, मैं यकीन से यह कहना चाहता हूं कि उसका वह स्टेट नहीं, उसको वहां रहना नहीं, वहां उसका लोगों से कोई ताल्लुक नहीं, उसको चुनाव नहीं लड़ना, उसको वहां रहना नहीं। वहां के लोकल एडमिस्ट्रेशन का कोई इन्वालवमेंट डेपलपमेंट में नहीं है । वहां जो रिट चलता है वह मिलिटेंट्स का है । कहां काम देना है, किसको नौकरी देना है, उनका रिट अभी तक वहां सारी वादी में चल रहा है । तो कैसे ठीक हो, किस तरह से इस बात को ठीक किया जाए ?

[मुफ्ती मोहम्द सईद]

यह भी सही है कि जब स्लैकनैस होती है, जब मिलिटेंट्स का जोर कम होता है तो पाकिस्तान उनको सस्टेन करने की कोशिश करता है । मैं सिकन्दर वख्त साहब से कहना चाहता हूं कि जो बाहर से मिर्सनरी आया है, जो अफगानी है, उसमें पाकिस्तान की फोर्स का भी कुछ है । पाकिस्तान को यह यकीन हो गया है कि जिसके हाथ में बंदूक है, कश्मीर में उसको काज मिलता है। बंदूक हाथ में होने से क्लाउड बनता है, पावर बनता है । जिनके हाथ में बंदूक है, मुझे नहीं लगता कि सारे काज के लिए लड़ते हैं, कुर्बानी के लिए लड़ते हैं । जिनके पास कुछ नहीं, उनके पास बंदूक है । जो एंटी सोशियल एलीमेंट हैं, उनके पास बंदूक है, जो सिनेमा की टिकटों की चोरी करवाता है, उसके पास बंदूक है । पाकिस्तान ने कश्मीर के जवानों को, कश्मीर के लोगों को इस्तेमाल किया है। पाकिस्तान की जो इमेज आज सारे हिन्दुस्तान में है, हमारे भाई लोग 1947 में जब पाकिस्तान गए, वह वहां अपने सर्वाइवल की जिंदगी लड़ रहे हैं । उनको पाकिस्तान की सरजमीं ने कबूल नहीं किया है । वहां पाकिस्तान की शिया-सुन्नी झगड़े हैं । तो कश्मीर के लोगों को यह मालूम हो गया है । मैं यह कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान हमें अपने सियासी मक्सद के लिए इस्तेमाल करता है । वह मैं कहूंगा गवर्नमेंट आफ इंडिया की डिटरमिनेशन । बी०जे०पी० उस डिटरमिनेशन को ज्यादा जोर देना चाहती है । जिस तरह से इन पांच साल में हिन्दुस्तान की सिक्योरिटी फोर्सेज ने कोई आसान लड़ाई नहीं लड़ी । जब एक जवान बंकर में होता है तब सर्दी में आदमी बाहर नहीं आ सकता है, तो इस तरह से उन्होंने मुकाबला किया है। मैं लंदन में था । मुझे वहां पाकिस्तान का कोई दोस्त मिला । उन्होंने कहा कि बहुत जुल्म हैं कश्मीर में । मैंने कहा कि क्या जुल्म हैं ? उन्होंने कहा कि बहुत तबाही कर रहे हैं । मैंने कहा कि हमारी जम्मू कश्मीर की एक हजार किलोमीटर की सरहद है पाकिस्तान के साथ जिससे लाखों लोग रहते हैं सरहद के साथ-साथ, बॉर्डर के साथ-साथ । मुझे बताइए कोई मिसाल। अगर लोगों की इज्जत पर, आबरू पर हमला हो जाए, जान पर हमला हो जाए, किसी हमारी लड़की की बेइज्जती हो जाए, तो क्या वह लोग वहां रहेंगे ? वहां मायनोरिटी थोड़े से दो परसेंट लोग कश्मीरी पंडित रहते हैं । मैंने कहा, उनके साथ जो भी इनसिक्योरिटी की बात हो गई, तो वह भाग गए । ऐसा हिन्दुस्तान के सिक्योरिटी फोर्सेज ने बहुत ही हिस्टोरिकल रोल अदा किया । उन्होंने जुल्म सहा । अब फोर्सेज तो एक नहीं होता । उसमें पहले जब अटैक होता था, क्रौस फायर होता था । अब मैं यह कहना चाहता हूं कि सिक्योरिटी फोसज ने अपनी तरफ से काफी रेस्ट्रेंट दिखाया । लेकिन कई-कई वाक्या होते हैं, जैसे बीजवाड़ा में हजरतबल के बाद जो वाक्या हुआ । बीजवाड़ा में जो एक जुलूस निकाला उस पर फायरिंग हुई । यह साबित हो गया कि गलत हुआ था । उसमें कोर्ट मार्शल हुआ । मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश में रूल आफ लॉ है । अगर कोई आतंकवादी गलत काम करे तो उसको सजा मिलनी चाहिए । लेकिन अगर हमारी सिक्योरिटी फोर्सेज का कोई भी आदमी जिस पर यह इल्जाम हो कि इसने ज्यादती की है, उसकी एकाउंटेबिलिटी होनी चाहिए । मैंने जगमोहन साहब का लिखा हिन्दुस्तान टाईम्स में पढ़ा है उन्होंने कह दिया है कि इस तरह से हुआ है । मैं समझता हूं कि अगर पीपुल आफ कश्मीर का कांफिडेंस रेस्टोर होने लग है, वह इस वजह से हो रहा है कि ज आप देखते हैं कि ज्यादती हो रही है अगर कोई भी आफिसर करता है तो उसके खिलाफ एक्शन तो लिया जाता है, त उससे कांफिडेंस बढ़ जाता है । तो ज हम कश्मीर की बात करते हैं, यह ज लीडरों को छोड़ने की बात हुई, मैं य कहना चाहता हूं कि कोई भी मसला, आ चेचन्या की तरफ से देख लीजिए कि कि तरह से रशिया का कैसा हमला हुआ दो महीने से पूरी ताकत रूस की गई

उस पर कब्जा करने के लिए । कब्जा किया । लेकिन मैं टेलीविजन पर सुन रहा था कि उनके बातचीत की कोशिश कर रहे हैं । तो यह मतलब है कि बंदूक की ताकत से किसी मसले को हल नहीं किया जा सकता । इसमें डॉयलाग की जरुरत होती है, बात करने की जरुरत होती है । हम जम्हूरियत में रहते हैं । अल्टीमेटली, कश्मीर के लोगों के कांफिडेंस को हासिल करने की जरुरत है । मैं इस बात को एप्रिसिएट करता हूं कि जो बाहर के डेलीगेशन आए, चाहे रूस का था या कहीं और का, वह कश्मीर गए । कश्मीर में उन्हने देखा कि किसी सिक्योरिटी फोर्सेज के खिलाफ शिकायत हुई । लेकिन बहुत जगह मिलिटेंट्स के खिलाफ शिकायत हुई कि उन्होंने कितना जुल्म किया, कितनी लड़कियों को पकड़ा, कितने लोगों को मारा । इस तरह से जब वह जम्मू गए तो वहां कश्मीरी माइग्रेट के हालात देखे । वह समझते थे कि वहां सबीर शाह को छोड़ा गया है । इसी तरफ से अलीशाह जिलानी को छोड़ा गया है । सबीर शाह, वह बंदूक के कल्चर पर यकीन नहीं रखता है । उन्होंने कह दिया कि बंदूक से कोई मसला हल नहीं होगा । हुरियत कांफ्रेंस वालों को यह कह दिया कि जब तक इस कांफ्रेंस में जम्मू की, लद्दाख की और कश्मीरी पंडितों की नुमाइंदगी नहीं होगी, तो वह हमें एक ही हिस्से का नहीं सोचना है । यासर अराफात है, जिसको पचास साल हो गए लड़ते-लड़ते । वह फिर नेगोशिएटिंग टेबिल पर आ गया बातचीत करने के लिए । इसमें बातचीत के बगैर कोई हल नहीं । अब कुछ लोगों की पोलिसी है । कुछ लोग कश्मीर को पंजाब के साथ कम्पेयर करते हैं । वहां तो डिफेंस हालात हैं । कश्मीर में तो पाकिस्तान की पूरी ताकत है तथा जो सामान आजकल उनसे मिल रहा है, वह इतना बड़ा सामान है, वह कहते हैं कि बोर्डर से कैसे आया । पूरी ताकत उन्होंने लगाई है इस आंदोलन को सस्टेन करने की । दूसरे, इसमें एक वेस्टेड इंटरेस्ट बन गया है, क्योंकि कोई एकाउंटेबिलिटी नहीं । प्राईम मिनिस्टर की तरफ के कोई सैक्रेटरी यहां से गए, फिर वहां इकनामिक पैकेज एंलान किया दो सौ करोड़ का, तीन सौ करोड़ का । मैं इनसे यह कहना चाहता हूं कि अगर यह वहां खुद जाएं और देखें, कोई आफिसर, कोई चीफ इंजीनियर देखे कि कितना पैसा वहां खर्च हुआ है ? किस गांव में हुआ है और किस सड़क पर हुआ है और किस अस्पताल में हुआ है ? कोई नहीं हुआ है । एंटायर कम्युनिकेशन जो है, ब्रेकडाऊन हुआ है उसका । कश्मीरी वादी में कहीं कोई पुल नहीं । मैं जहां विजयवाड़ा कस्बे में रहता हूं, मुझे आगे पहलगाम जाना है । वहां तीन के तीन पुल जला दिए हैं । क्या हम यह नहीं कर सकते हैं, एक जगह, उस जगह का नाम है– खुडोनी जो कुलगाम और अनंतनाग को मिलाता है, हां आर्मी ने ब्रिज दिया तो लोगों ने सी ट किया, तो सब लोग आ गए । तो ह कैसे इतना इन-डिफेंट एटीट्यड है कि ई पुल जलाया गया है तो छोड़ दो, कहीं स्कूल जलाया गया है तो छोड़ दो । तो क्या इससे लोगों को सबक सिखाना चाहते हैं । मैं यह चाहता हूं कि लोगों में रिलाइजेशन आए । जहां तक मिलिटेंसी है, वह लोगों से ऐलीनेट हुए हैं । लेकिन उस हद तक जहां तक पीपुल आफ कश्मीर का ताल्लुक है, वह गरीबी है । वहां कारपेट इंडस्ट्री है । उसका एक्सपोर्ट कम हो गया है । हजारों लोग, लाखों लोग बेकार पड़े हुए हैं । अभी वहां अनंतनाग में कोई इंटरव्यू था । दो-ढाई सौ लोग सिक्योरिटी फोर्सेज में भर्ती करना था । कोई तीन हजार, चार हजार के करीब लोग इंटरव्यू के लिए आए । तो यह स्थिति है वहां की । लोग समझते हैं कि अगर कोई उधर से बंदूक हाथ में लिए हुए हैं तो यहां से बंदूक से ही मुकाबला करना पड़ेगा । जब कोई एनकाउंटर में मिलिटेंट मरता है तो लोग चुप रहते हैं और अगर कोई बेगुनाह मरता है तो उस पर लोग शोर करते हैं । इसी तरह से लोगों के मसाईल हैं । गरीबी के मसाईल हैं, बेरोजगारी के मसाईल हैं । कश्मीर में काफी बड़ी टूरिस्ट इंडस्ट्री थी । जितना इंफ्रास्ट्रक्चर कश्मीर में टूरिज्म का है, उतना कहीं नहीं है । लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है । मैं यह कहना चाहता हूं सरकार से कि यह ब्यूरोक्रेसी ठीक है । जब वहां कोई नहीं था, आफिसर्स ने उस चीज को रख दिया । लेकिन अब उस

[मुफ्ति मोहम्द सईद]

वैक्यूम को पूरा करने की कोशिश करे और कोई जल्दी से आज करना है, कल करना है, शैडयूल करना है, यह भी सही है । मैं यह कहना चाहता था कि कुछ लोगों का यह भी ख्याल है कि बंदूक की नोक पर ही हल होगा, मुझे ऐसा नहीं लगता है । अगर एक इलाके में एक आदमी के पास गन होती है वह सब को कंट्रोल करता है । कुछ लोग तो मिलिटेंस में से ऐसे हैं जो गवर्नर साहब के पास सरण्डर करने आये । वह कहेंगे जिसके हाथ में बंदूक थी आज तक, उसको हम कहते हैं वह बंदूक छोड़ दे तो हम छोड़ देंगे । बहुत सारे आर्मी आफिसर्स हैं जिनको पुलवामा में, बारामूला के इलाके में दो-दो, तीन-तीन महीने तक मिलिटेंट की जेल में रखा गया था, सारे लोगों के सामने कह दिया कि हमने छोड़ दिया है । जो बन्दूक छोड़ना चाहते हैं उनको भी डर है कि अगर हमें छोड़ दिया तो हमें मार डाला जायेगा । जो मिलिटेंट अपनी रजामंदी से सरण्डर करते हैं उनके रिहेबिलिटेशन की पालिसी होनी चाहिए ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मैं दो-तीन महीने श्रीनगर में रहा । मुझे एक बात अच्छी लगी । मैंने सोचा कश्मीर में इतना कुछ हो गया है लोगों की नजरें बदली होंगी । लेकिन मैंने पाया कि जो जहां है वह अपनी जगह पर खड़ा है । मैंने वहां के अफसरों को कहा मैं अपने कस्बे बीजबाड़ा में जाना चाहता हूं । जब मैं अपने कस्बे में पहुंचा तो वहां मैंने फातिया पड़ी । मेरी मदर का इंतकाल हो गया था वहां गया तो लोगों का आना-जाना हुआ । अगर आप डेमोक्रेटिक प्रोसैस को शुरु करेंगे, यह मेरा डर नहीं है, यह उनका डर है कि अगर लोग फिर नार्मलाइज हो जायेंगे तो उनकी कोई जगह नहीं होगी । इसलिए दिस अटैक शुड बी मल्टीप्रोंगल अटैक आन मिलिटेंसी । दूसरे आपने सही कह दिया । मैं भी कहता हूं कि कश्मीर नेशनल इशू है । पाकिस्तान टेलीविजन को देखते हैं तो सुबह बेनजीर बोलती हैं, शाम को भी बोलती हैं तो कश्मीर ही कश्मीर कहती हैं । लेकिन हिन्दुस्तान में यह नेशनल इशू है । बीजेपी वाले बात करते रहते हैं लेकिन मैंने तो नहीं देखा । मैं उनसे कहता हूं कि यह कांग्रेस का मसला नहीं है, यह सारे देश का मसला है । यह अच्छा होता आप आल पार्टीज को इस समस्या के समाधान के लिए बुलाते जहां तक नेशनल इंटरेस्ट का सवाल है, जहां तक भारत की अखंडता को महफूज रखने का सवाल है बीजेपी की दूसरी राय नहीं हो सकती है । अटल बिहारी वाजपेयी हमारे देश की तरह से नुमाइन्दगी करते थे जेनेवा में, यूनाइटेड नेशन्स में । जहां तक मुल्क का सवाल हैं इनके कोई खिलाफ नहीं है । क्या आप एक मीटिंग नहीं बुला सकते आल पार्टीज की ? आप कोई स्ट्रेटेजी इंवाल्व कीजिए ताकि हम भी बाखबर हो जाएं । एक घंटे में, एक लम्हे में इस पर कुछ नहीं हो सकता ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज आपटे) पीठासीन हुई

मैं समझता हूं बाई एंड लार्ज जो सिच्युएशन रिपोर्ट है ग्रचउंड लैवल पर, जो इन्होंने कह दिया कहां पहुंच गये । आईएसआई की स्ट्रेटेजी है कश्मीर से जम्मू तक ले जायें आतंकवाद को, वह सही है । जो अभी रिपब्लिक डे पर ब्लास्ट हुआ उसमें उन्होंने लोकल मिलिटेंट्स को भी कांफिडेंस में नहीं लिया । उनका कोई न कोई मोल है जो वहां काम करता है । इसलिए जम्मू में जो रवादारी थी, कश्मीर के मुहाजिर जो कश्मीर के मिलिटेंटस से तंग आ चुके थे, जम्मू में रहते हैं I must say people of Jammu have played a commendable role in maintaining communal harmony

जब हम कहते हैं कि 47 में कश्मीर सेक्यूलरिज्म का गवारा था, आज जम्मू है। उस जम्मू का माहौल तबाह करने की कोशिश हो रही है । इसलिए कहता हूं हाई लैवल पर काआर्डिनेशन की जरुरत है। इसलिए आप आल पार्टीज मीटिंग बुलाइये, असेम्बली के चुनाव हो सकें इसलिए बुलाइये । कोई ऐसी स्ट्रेटेजी इंवाल्व कीजिए कि किस तरह से इस चीज को ठीक किया जा सकता है ।

مفتی محمد سعید "اپر پردیش" بوائس چیرمین صاحب آج جو یہاں رزولوشن پیش ہوا ہے۔ کشمیر میں پریسیڈینشل رول ایکسٹینڈ کرنے کا۔ مجھے نہیں لگتا کہ اس کے بغیر کوئی اور راستہ ہے۔ جب تک کہ وہاں حالات سازگار نہ ہوں۔ جب تک کہ چناؤ کا عمل شروع نہ ہو۔ میں نے یہاں لیڈر آف دی اپوزیشن سکندر بخت صاحب کے خیالات سنے۔

وائس چیرمین صاحب۔ کشمیر کو کس طرح سے دیکھا جائے۔ ایک زمانہ تھا۔ جب ہم جموں و کشمیر کو ہندوستان کی سبھیتا۔ ہندوستان کی ملی جلی تہذیب کا نمونہ سمجھتے تھے۔ سنبل آف سیکولرازم سمجھتے تھے۔ جب ہندوستان کا بٹوارا ہوا۔ کشمیر ہی ایک اسٹیٹ تھی۔ کشمیر کے لوگ ہی ایسے لوگ تھے۔ جنہوں نے محمد علی جناح کے دو قومی نظریے کو ٹھکرا دیا تھا۔ مسلم اکثریت ہونے کے باوجود ہندوستان سے اپنا ناطہ جوڑا۔ یہ لمبی کہانی ہے۔ اس میں حالات کیسے خراب ہوئے کون ذمہ دار ہے۔ اس کا آگے لکھنے والا مؤرخ جو ہے۔ وہ فیصلہ کرے گا۔ میں تو یہ کہنا چاہتا ہوں کہ میں ہندوستان کے۔ ملک کے کونے کونے میں گیا ہوں۔ بھارت کا کوئی حصہ نہیں۔ جہاں میں نہ گیا ہوں۔ یہاں تک ہندوستان کے لوگوں کا تعلق ہے۔ یہاں تک بھارت سرکار کا تعلق ہے۔ جتنا فیاضانہ طریقہ سے۔ جنریلی کشمیر کے ساتھ جو سلوک کیا گیا۔ مجھے نہیں لگتا کہ کسی اور اسٹیٹ کے ساتھ ہوا ہو۔ آپ وہاں کا کوئی گاؤں دیکھئے۔ جہاں سڑک نہ ہو۔ کوئی گاؤں دیکھئے جہاں اسپتال نہ ہو۔ آپ وہاں کا کوئی گاؤں دیکھئے جہاں اسکول نہ ہو۔ اس حد تک کشمیر میں ایجوکیشن۔ پرائمری لیول سے یونیورسٹی تک فری ایجوکیشن ہے۔ کوئی ٹیوشن فیس نہیں ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ جب ہم سیاحت کی بات کرتے ہیں۔ جب ہم جنت کی بات کرتے ہیں۔ ساری جگہ دیکھتے ہیں تو کشمیر کا کوئی جواب نہیں۔

It is a destination for all

[]Transliteration in Arabic Script.

اپنی رخدیوری پاورس ہیں۔
ہمارا اسٹیٹ سبجیکٹ ہے۔ کیا لیا ہے۔ ہندوستان میں کشمیر سے ایک ایکڑ زمین کس نے نہیں خریدا ہے لیکن ہوا کیوں۔ جب رامارا ؤ جی آج بات کر رہے ہیں وہاں دو روپیے کلو چاول دینے کی کشمیر میں تو کوئی ۳۰ سال سے راشن سبسیڈیز ہے۔ کیوں ہوا ہے۔ ایسا۔ جو ہندوستان میں ڈیموکریٹک سسٹم ہے۔ اس پر ہمیں فخر ہے۔ یہ دیش زندہ ہے۔ یہ بھارت زندہ ہے۔ اس وجہ سے کہ یہاں لوک تنتر ہے یہاں جمہوریت ہے۔ یہاں ووٹ کی پرچی سے لوگوں کی تقدیر کا فیصلہ ہوا ہے۔ کشمیر میں ہمیشہ کہیں مجبوری کی وجہ سے بعد میں جو بھی چناؤ ہوئے وہ مینیوپلیٹ ہوئے۔ ایسا لگا کہ لوگوں کو جو بھی کرنا ہے۔ کشمیر کے لوگوں کو فیصلہ نہیں کرنا ہے۔ کون حکومت کرنے والا ہوگا۔ یہ فیصلہ دلی سے ہوگا۔ ایسا کانونیز میں ہوتا تھا۔ برٹین کا پرائم منسٹر وہاں فیصلہ کرتا تھا کہ کس کو بھیجنا ہے ایسے جو چناؤ ہوئے۔ پہلے بھی ہوتے تھے بعد میں بھی ہوئے پچھلے بھی ہوئے۔ جمہوریت میں جب یقین ہوتا ہے تو جوانوں کو غصہ ہوتا ہے۔ ہر اسٹیٹ میں ہوتا ہے۔ وہاں جمہوریت ہے۔ ۱۹۶۷ سے تمل ناڈو میں ڈی۔ ایم۔ کے۔ اے۔ ڈی۔ ایم۔ کے کا راج چل رہا ہے۔ بنگال میں۔ سی۔ پی۔ ایم۔ کا ہے۔ ۱۹۷۷ سے اور یہ لوگوں کا فیصلہ ہے لوگ فیصلہ کرتے ہیں۔ اور چلتا ہے۔ لیکن کشمیر میں جس وقت آدمی چاہئے۔ جہاں چاہئے۔ ایسی ڈائیورسٹی کہیں نہیں ملتی۔ لیکن کیوں ہوا خراب۔
اب حالات ایسے ہو رہے ہیں

That there will be more devolution of powers from the Centre to the to the States.

ہندوستان کا فیڈرل اسٹرکچر زیادہ مضبوط ہو رہا ہے جیسے پنجاب کی بات کی جاتی ہے۔ دوسری اسٹیٹ کو زیادہ پاور دینے کی بات کرتے ہیں۔ کشمیر کو ہندوستان میں کانسٹی ٹیوشنل فریم ورک میں جو ملا ہے۔ وہ بہت کچھ ملا ہے۔ ہمارا اپنا سپریٹ کانسٹی ٹیوشن ہے۔ ہمارا اسٹیٹ فلیگ ہے۔ نیشنل فلیگ کے ساتھ۔ جیسے امریکن کانسٹی ٹیوشن میں ہے۔

[ ]Transliteration in Arabic Script.

چلتا ہے۔ وہ ملیٹنس کا ہے۔ کہاں کام دینا ہے۔ کس کو نوکری دینا ہے۔ ان کا رٹ ابھی تک وہاں ساری وادی میں چل رہا ہے۔ تو کیسے ٹھیک ہو۔ کس طرح سے اس بات کو ٹھیک کیا جائے۔ یہ بھی صحیح ہے کہ جب سلیکشنیں ہوتی ہے۔ جب جب ملی ٹینٹس کا زور کم ہوتا ہے تو پاکستان ان کو سسٹین کرنے کی کوشش کرتا ہے۔ میں سکندر بخت صاحب سے کہنا چاہتا ہوں کہ جو باہر سے مرسنری آیا ہے۔ وہ افغانی ہے اس میں پاکستان کی فورس کا بھی کچھ ہے پاکستان کو یہ یقین ہو گیا ہے کہ جس کے ہاتھ میں بندوق ہے۔ کشمیر میں اس کو راج ملتا ہے۔ بندوق میں ہاتھ ہونے سے کلاؤڈ بنتا ہے۔ پاور بنتا ہے۔ جن کے ہاتھ میں بندوق ہے۔ مجھے نہیں لگتا کہ سارے کاز کے لئے لڑتے ہیں۔ قربانی کے لئے لڑتے ہیں۔ جن کے پاس کچھ نہیں ہے ان کے پاس بندوق ہے۔ جو اینٹی سوشل ایلیمنٹ ہے ان کے پاس بندوق ہے جو سینما کی ٹکٹوں کی چوری کرواتا ہے۔ اس کے پاس بندوق ہے۔ پاکستان نے کشمیر کے جوانوں کو کشمیر کے لوگوں کو استعمال کیا ہے پاکستان کی جو امیج آج سارے ہندوستان میں ہے۔ ہمارے بھائی لوگ ۱۹۴۷ء میں جب پاکستان گئے۔ وہ کچھ ۱۹۸۷ کے چناؤ۔ اس سے پہلے ۱۹۸۳ء کے چناؤ جو ہوئے اس سے انہیں لگا کہ ہمارے ہاتھ میں کچھ نہیں ہے۔ جوانوں نے بندوق اٹھائی۔ یہ صحیح ہے۔ پاکستان نے پہلے بھی۔ ۱۹۴۷ء کے بعد ۱۹۴۸ میں کشمیر میں بم دھماکے ہونے شروع ہوئے لیکن کہتے ہیں جب اندر کوئی انفلیمیبل میٹریل ہو۔ باہر سے کوئی تیلی لگائے تو آگ لگ سکتی ہے۔ پر اندر آگ لگانے والی چیزیں نہ ہوں تو آگ نہیں لگ سکتی ہے۔ تو میرے ساتھیوں۔ اس میں جو کہا گیا ہے۔ جو عام ہے۔ میں بھی اس سال تقریباً تین مہینے کشمیر میں رہا۔ لیکن یہاں وہاں جا کر آپکو معلوم ہوا۔ جیسا انہوں نے کہا اور ہم کہہ رہے ہیں۔ لیکن یہ صحیح بات ہے کہ لا اینڈ آرڈر سچوایشن میں جہاں تک ایڈمنسٹریشن کو کنٹرول کرنے کی بات ہے۔ ایک طرح کا نیوکلس چل رہا ہے جو یہاں سے افسر جاتا ہے۔ میں یقین سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس کا وہ اسٹیٹ نہیں۔ اس کو وہاں رہنا نہیں۔ وہاں کے لوگوں سے اس کا کوئی تعلق نہیں۔ اس کو چناؤ نہیں لڑنا اس کو وہاں رہنا نہیں۔ وہاں کے ڈکل ایڈمنسٹریشن کا کوئی انوالومنٹ ڈیولپمنٹ میں نہیں ہے وہاں جو رٹ

[ ]Transliteration in Arabic Script

وہاں مائنارٹی تھوڑے سے دو پرسینٹ لوگ کشمیری پنڈت رہتے تھے۔ میں نے کہا کہ ان کے ساتھ جو بھی انسیکیورٹی کی بات ہوگئی۔ وہ بھاگ گئے۔ ایسا ہندوستان کی سیکیورٹی فورسز نے بہت ہی ہسٹوریکل رول ادا کیا۔ انہوں نے ظلم سہا۔ اب فورسز تو ایک نہیں ہوتا۔ اس میں پہلے جب ایک ہوتا تھا۔ اب میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ سیکیورٹی فورسز نے اپنی طرف سے کافی رسٹرینٹ دکھایا۔ لیکن کئی کئی واقعات ہوتے ہیں۔ جیسے بیج بہاڑہ میں حضرت بل کا جو واقعہ ہوا۔ بیج بہاڑہ میں ایک جلوس نکالا۔ اس پر فائرنگ ہوا۔ یہ ثابت ہوگیا کہ غلط ہوا۔ اس میں کورٹ مارشل ہوا۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ ہمارے دیش میں رول آف لا ہے۔ اگر کوئی آتنک وادی غلط کام کرے تو اس کو سزا ملنی چاہیئے۔ لیکن اگر ہماری سیکیورٹی فورسز کا کوئی بھی آدمی جس پر یہ الزام ہو کہ اس سے زیادتی کی۔ اس کی اکاؤنٹیبلٹی ہونی چاہیئے۔ میں نے جگ موہن صاحب کو بھی ہندوستان ٹائمز میں پڑھا ہے۔ انہوں نے کہہ دیا ہے کہ اس طرح سے ہوا ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ اگر پیوپل آف کانفیڈینس ایشو ہونے لگا ہے۔ وہ اس وجہ سے ہو رہا ہے کہ جب آپ دیکھتے

وہاں اپنے سروائی ول کی زندگی لڑ رہے ہیں۔ ان کو پاکستان کی سرزمین نے قبول نہیں کیا ہے وہاں پاکستان کی شیعہ سنی جھگڑے ہیں تو اس سے یہ معلوم ہو گیا ہے کہ کشمیر کے لوگوں کو میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ پاکستان ہمیں اپنے سیاسی مقصد کے لئے استعمال کرتا ہے۔ وہ میں کہوں گا کہ گورنمنٹ آف انڈیا کی ڈیٹرمینیشن۔ بی۔ جے۔ پی۔ اس ڈیٹرمینیشن کو زیادہ زور دینا چاہتی ہے۔ جس طرح سے ان پانچ سالوں میں ہندوستان کی سیکیورٹی فورسز نے کوئی آسان لڑائی نہیں لڑی ہے جب ایک جوان بنکر میں ہوتا ہے۔ تب سردی میں آدمی باہر نہیں آسکتا ہے۔ تو اس طرح سے انہوں نے مقابلہ کیا ہے۔ میں لندن میں تھا۔ مجھے وہاں پاکستان کا کوئی دوست ملا۔ انہوں نے کہا کہ بہت ظلم ہے کشمیر میں۔ میں نے کہا کہ کیا ظلم ہے انہوں نے کہا کہ بہت تباہی کر رہے ہیں۔ میں نے کہا کہ ہماری جموں کشمیر کی ایک ہزار کلومیٹر کی سرحد ہے۔ پاکستان کے ساتھ۔ جس میں لاکھوں لوگ رہتے ہیں۔ سرحد کے ساتھ ساتھ۔ بارڈر کے ساتھ ساتھ۔ مجھے بتائیں کوئی مثال۔ اگر لوگوں کی عزت پر آبرو پر حملہ ہو جائے۔ جان پر حملہ ہو جائے۔ کسی ہماری لڑکی کی بے عزتی ہو جائے تو کیا وہ لوگ وہاں رہیں گے

[ ]Transliteration in Arabic Script.

ان کے حالات دیکھیے۔ وہ سمجھتے تھے کہ پتہ نہیں کشمیر کیا ہے۔ وہاں جو ایک کامپری ہنشو پالیسی ہے۔ مجھے لگتا ہے کہ وہ ٹھیک ہے وہاں شبیر شاہ کو چھوڑا گیا ہے۔ اس طرح سے علی شاہ جیلانی کو چھوڑا گیا ہے۔ شبیر شاہ وہ بندوق کے کلچر پر یقین نہیں رکھتا ہے انہوں نے کہہ دیا کہ بندوق سے کوئی مسئلہ حل نہیں ہوگا۔ حریت کانفرنس والوں کو یہ کہہ دیا کہ جب تک اس کانفرنس میں جموں کی، لداخ کی اور کشمیری پنڈتوں کی نمائندگی نہیں ہوگی تو وہ ہمیں ایک حصّہ کا نہیں سوچنا ہے۔ یاسر عرفات ہے، جس کو پچاس سال ہو گئے لڑتے لڑتے۔ وہ پھر ٹیبل پر آگیا بات چیت کرنے کے لئے۔ اس میں بات چیت کے بغیر کوئی حل نہیں ہے۔ اب کچھ لوگوں کی پالیسی ہے۔ کچھ لوگ کشمیر کو پنجاب کے ساتھ کمپیئر کرتے ہیں۔ وہاں تو ڈفرینٹ حالات ہیں۔ کشمیر میں تو پاکستان کی پوری طاقت ہے اور جو سامان آج کل ان سے مل رہا ہے۔ وہ اتنا بڑا سامان ہے۔ وہ کہتے ہیں کہ بارڈر سے کیسے آیا۔ پوری طاقت انہوں نے لگائی ہے۔ اس آندولن کو سسٹین کرنے کی دوسرے اس میں ایک ویسٹڈ انٹرسٹ بن گیا ہے کیوں کہ کوئی اکاؤنٹیبلٹی نہیں۔ پرائم منسٹر سے کوئی سیکریٹری یہاں سے گئے۔ وہاں ہیں کہ زیادتی ہو رہی ہے۔ اگر کوئی آفیسر کرتا ہے تو اس کے خلاف ایکشن لیا جاتا ہے تو اس سے کانفیڈینس بڑھ جاتا ہے تو جب ہم کشمیر کی بات کرتے ہیں۔ یہ جو لیڈروں کو چھوڑنے کی بات ہوئی۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کوئی بھی مسئلہ۔ آپ چیچنیا کی طرف دیکھ لیجئے کہ کس طرح سے رشیا کا کیسے حملہ ہوا۔ دو مہینے سے پوری طاقت روس کی لگی ہوئی ہے۔ اس پر قبضہ کرنے کے لئے قبضہ کیا۔ لیکن میں ٹیلی فون پر سن رہا تھا کہ ان سے بات چیت کی کوشش کر رہے ہیں تو مطلب ہے کہ بندوق کی طاقت سے کسی مسئلے کو حل نہیں کیا جا سکتا۔ اس میں ڈائیلاگ کی ضرورت ہوتی ہے بات کرنے کی ضرورت ہوتی ہے۔ ہم جمہوریت میں رہتے ہیں الٹی میٹلی کشمیر کے لوگوں کے کانفیڈینس کو حاصل کرنے کی ضرورت ہے۔ میں اس بات کو اپیری شیٹ کرتا ہوں کہ جو باہر کے ڈیلی گیٹس آئے۔ چاہے روس کا تھا یا کہیں اور کا۔ وہ کشمیر گئے۔ کشمیر میں انہوں نے دیکھا کہ کسی سیکیورٹی فورسز کے خلاف شکایت ہوئی لیکن بہت جگہ ملی ٹنٹ کے خلاف شکایت ہوئی کہ انہوں نے کتنا ظلم کیا۔ کتنی لڑکیوں کو پکڑا۔ کتنے لوگوں کو مارا اس طرح سے جب وہ جموں گئے تو وہاں

[]Transliteration in Arabic Script.

انت ناگ میں کوئی انٹرولیو تھا۔ دو ڈھائی سو لوگ سیکیورٹی فورسز میں بھرتی کرنا تھا۔ کوئی تین ہزار، چار ہزار کے قریب لوگ انٹرولیو کے لئے آئے تو یہ استحق ہے وہاں کی۔ لوگ سمجھتے ہیں کہ اگر کوئی ادھر سے بندوق ہاتھ میں لئے ہوئے ہے تو یہاں سے بندوق سے ہی مقابلہ کرنا پڑیگا۔ جب کوئی اینکاؤنٹر میں ملی ٹنٹ مرتا ہے تو لوگ چپ رہتے ہیں اور اگر کوئی بیگناہ مرتا ہے تو اس پر لوگ شور مچاتے ہیں۔ اس طرح سے لوگوں کے مسائل ہیں غریبی کے مسائل ہیں بیروزگاری کے مسائل ہیں کشمیر میں کافی بڑی ٹورسٹ انڈسٹری تھی۔ جتنا انفراسٹرکچر کشمیر کا ٹورزم کا ہے اتنا کہیں نہیں ہے لیکن کوئی پوچھنے والا نہیں ہے۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں سرکار سے کہ یہ ہیومن ریسورس ٹھیک ہے جب وہاں کوئی نہیں تھا۔ آفیسرس نے اس چیز کو دیکھ دیا لیکن اب اس ویکیوم کو پورا کرنے کی کوشش کرے اور کوئی جلدی سے آج کرنا ہے۔ کل کرنا ہے شیڈول کرنا ہے۔ یہ بھی صحیح ہے۔ میں یہ کہنا چاہتا تھا کہ کچھ لوگوں کا یہ بھی خیال ہے کہ بندوق کی نوک پر ہی حل ہوگا۔ مجھے ایسا نہیں لگتا ہے۔ اگر ایک علاقہ میں ایک آدمی کے پاس گن ہوتی ہے۔ وہ سب کو کنٹرول کرتا ہے۔ کچھ لوگ تو ڈیلی گیشن گئے۔ پھر بھی یہ پیکیج اعلان کیا دو سو کروڑ کا۔ تین سو کروڑ کا میں ان سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اگر یہ وہاں خود جائیں اور دیکھیں۔ کوئی آفیسر، کوئی چیف انجینئر دیکھے کہ کتنا پیسہ وہاں خرچ ہوا ہے۔ کس گاؤں میں ہوا ہے۔ اینٹائر کمیونیکیشن ہوا ہے بریک ڈاؤن ہوا ہے اس کا۔ کشمیر وادی میں کہیں کوئی پل نہیں ہے۔ میں جہاں بیج بہاڑہ قصبہ میں رہتا ہوں۔ مجھے آگے پہل گام جانا تھا۔ وہاں تین کے تین پل جلا دیئے گئے ہیں۔ کیا ہم یہ نہیں کر سکتے ہیں ایک جگہ۔ اس جگہ کا نام ہے۔ سٹرونی۔ جو پہل گام اور انت ناگ کو ملاتا ہے۔ وہاں آرمی نے برج دیا تو لوگوں نے سیلیوٹ کیا تو سب لوگ آ گئے تو یہ کیسے اتنا انڈفرینٹ ایٹی ٹیوڈ ہے کہ کوئی پل جلایا گیا ہے تو چھوڑ دو۔ کہیں اسکول جلایا گیا ہے تو چھوڑ دو۔ تو کیا اس سے لوگوں کو سبق سکھانا چاہتے ہیں۔ میں یہ چاہتا ہوں کہ لوگوں میں ریلائزیشن آئے۔ جہاں تک ملی ٹینسی ہے۔ وہ لوگوں سے ایپلیمنٹ ہوئے ہیں لیکن اس حد تک جہاں تک پیوپل آف کشمیر کا تعلق ہے۔ وہ غریب ہیں۔ وہاں کی بیسک انڈسٹری ہے۔ اس کا ایکسپورٹ کم ہو گیا ہے ہزاروں لوگ بیکار پڑے ہوئے ہیں۔ ابھی وہاں

[ITransliteration in Arabic Script.

پھر یہ مسلائز ہو جائیں گے تو ان کی کوئی جگہ نہیں ہوگی۔ اس لئے " دس اِز اَ نیک شڈ بی ملٹی پرومیٹ " دوسرے آپ نے صحیح کہہ دیا میں بھی کہتا ہوں کہ کشمیر نیشنل ایشو ہے۔ بی جے پی والے بات کرتے رہتے ہیں لیکن میں نے تو نہیں دیکھا میں ان سے کہتا ہوں کہ یہ کانگریس کا مسئلہ نہیں ہے۔ یہ سارے دیش کا مسئلہ ہے۔ یہ اچھا ہوتا کہ آپ آل پارٹیز کو اس سمیلن کے سمادھان کے لئے بلاتے۔ جہاں تک نیشنل انٹرسٹ کا سوال ہے جہاں تک بھارت کی اکھنڈتا کو محفوظ کرنے کا سوال ہے بی جے پی کی دوسری رائے ہو سکتی ہے۔ اٹل بہاری واجپائی ہمارے دیش کی طرف سے نمائندگی کرتے تھے جنیوا میں۔ یونائیٹڈ نیشنس میں۔ جہاں تک ملک کا سوال ہے۔ ان کے کوئی خلاف نہیں ہے۔ کیا اب آپ میٹنگ نہیں بلا سکتے آل پارٹیز کی۔ آپ کوئی اسٹریٹجی اپنا لو۔ کیجئے تاکہ ہم بھی ممبر ہو جائیں۔ ایک گھنٹہ میں ایک لمحہ میں اس پر کچھ نہیں ہو سکتا۔

میں سمجھتا ہوں " بائی اینڈ لارج " جو ایشن رپورٹ ہے گراؤنڈ لیول پر جو انہوں نے کہہ دیا کہاں پہنچ گئے۔ آئی۔ ایس۔ آئی کی اسٹریٹجی ہے کشمیر سے جموں تک سے ہیں۔ آتنکواد کو وہ صحیح ہے۔ جو ملی ٹینٹس ہیں ایسے ہیں جو گورنر صاحب کے پاس سرنڈر کرنے آئے وہ کہیں گے کہ جس کے ہاتھ میں بندوق تھی آج تک اس کو ہم کہتے ہیں وہ بندوق چھوڑ دے تو ہم چھوڑ دیں گے۔ بہت سارے آدمی آفیسرس ہیں جن کو پلوامہ میں بارہ مولہ کے علاقہ میں دو دو تین تین مہینے تک ملی ٹنٹ کی جیل میں رکھا گیا تھا۔ سارے لوگوں کے سامنے کہہ دیا کہ ہم نے چھوڑ دیا ہے جو بندوق چھوڑنا چاہتے ہیں۔ ان کو بھی ڈر ہے کہ اگر ہمیں چھوڑ دیا تو ہمیں مار ڈالا جائے گا۔ جو ملی ٹنٹ اپنی اچھا مندی سے سرنڈر کرتے ہیں۔ ان کے لئے ریہابلیٹیشن کی پالیسی ہونی چاہیئے۔

میں آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ میں دو تین مہینے سرینگر میں رہا۔ مجھے ایک بات اچھی لگی میں نے سوچا کہ کشمیر میں اتنا کچھ ہو گیا ہے۔ لوگوں کی نظریں بدل ہوں گی لیکن میں نے پایا کہ جو جہاں ہے وہ اپنی جگہ پر کھڑا ہے۔ میں نے وہاں کے افسروں کو کہا کہ میں اپنے قصبہ بیج بہاڑہ جانا چاہتا ہوں جب میں اپنے قصبہ میں پہنچا تو میں نے وہاں فاتحہ پڑھی میری مدر کا انتقال ہو گیا تھا۔ وہاں گیا تو لوگوں کا آنا جانا ہوا۔ اگر آپ ڈیموکریٹک پروسیس کو شروع کریں گے۔ یہ میرا ڈر نہیں ہے۔ یہ ان کا ڈر ہے کہ اگر لوگ

[ ] Transliteration in Arabic Script.

I must say people of Jammu have played a commendable role in maintaining communal harmony.



SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Madam Vice Chairman, let me begin with endorsing the learned opinion expressed by Hon. members from the other side saying that this is not an issue of the Congress or any political party, it is a national issue, so it should be dealt with on a national perspective. So, it should be dealt. with in a national perspective. I fully endorse that view.

Madam, I do not want to narrate the history. Though I am a man coming from Kerala, the other end of this country, we are all concerned with what has happened and what is happening in the State of Jammu and Kashmir. So, the nation itself is very eager to find a solution. That

solution is, of course, a dialogue, a dialogue with all sections, of people, bringing them into national mainstream, and political activity within the State itself, and also to see that whatever injury is caused to the body politics of the State is remedied as much as possible, as early as possible. One of the best courses is the democratic process, and that democratic process is very much near. That is why the Government has expressed the hope that we are nearing normalisation. But my hon. friend did not agree with that view. But I believe that we are very much nearing that position and every political party and everyone of us must encourage that political process, and we should help the people of Jammu and Kashmir to have their own democratically elected Government. This is one thing.

Madam, during the time Of Mrs. Indira Gandhi, she had one of the best solutions of installing or allowing or making Sheikh Saheb as the Chief Minister of the State, and giving him political stability. I do not want to go into the point of how it slipped out. But it was the best solution. A political situation had been found whereby we could have normalisation. Today the terrorist activities are there. We do not blame the Government or anybody. Terrorism has come from outside the State of Jammu and Kashmir. It has come from Pakistan. The Government Of Pakistan—may not be the people of Pakistan—is considering Kashmir as one of the easiest weapons in their hands for their own political safety. They are making the Kashmir issue as a burning issue, and they are conducting all kinds of terrorist activities in that area. Today, who is against the democratic process in Jammu and Kashmir? Madam, Pakistan is against it. The Government of Pakistan is against U. Whenever some kind of normalisation comes, they encourage terrorist activities. They conduct propaganda against us. They internationalised the issue of Kashmir. They are going around the world and making all kinds of allegations against our Goverment . It is their intention to maintain by this sub-continent always as a sub-continent of tension. Knowingly or unknowingly. Pakistan is giving room for the Big Powers also to intenrvene in the sub-continent in the name of normalisation or political stability in this area. They are doing disservice to the people of this sub-continent. Madam, today when

+[ ]Transliteration in Arabic Script.

the Government is thinking of election and a democratic process, it is necessary that the situation has come to almost normal. Some incident is being narrated by my hon. friend, Mr. Sikander Bakht. There are a few incidents. But, generally, we can say that there is peace.

Madam, here I have got the 'Hindu' I would like to refer to one point mentioned there. It is about the pathetic condition of people who migrated from the Valley to the Jammu area. It is a pity if we call them refugees. I do not want to call them refugees. The people who have been thrown away from the Valley are now living in a miserable condition. Now the President's Rule is there. It is the duty of the Government to look after them. Because of the terrorist activities, they could not stay in their own homes. They are forced to come down to the Jammu area. At least, their living conditions should be better. You should see that their children go to the school. Education, food and clothing should be provided. They should have some kind of shelter to live in that area. They are demonstrating for better living conditions. The Government should take a serious view of this because we cannot completely leave it to the bureacrats. As Mufti Mohd. Sayeed said, the bureacrats are more interested in siphoning off their share than in the welfare of the people. Therefore, 1 say that the condition of these people should be looked into.

Then, I have to say something in regard to the Amnesty International's report. I do not want to accuse them on the floor of this House. Of course, they are trying to do some thing to protect the civil rights of the people in different parts of the world. In this regard, we have seen that the Government of India has shown transparency. We have said that anybody can visit Kashmir. There wag the visit by a British delegation. We happened to meet our British counterparts in the House of Commons. They were very happy after their visit. They tola me that they could meet people, they could so round and they could see what is happening. Then, the Amnesty International people could also visit. Yet we find that they are misleading the world by publishing such a raport. I have with me The Hindu'. It has reported that the Amnesty International in one of its reports published in the U.K. had shown a Tamilian woman—a woman from South India-depiciting her as a Kashmiri woman on the cover of the report, along with the caption saying that this was one of the first pictures to come out of Srinagar. Can the Amnesty International, using the Kashmir problem—whatever is happening I here; whatever political turmoil is taking place there in Kashmir—indulge in such a misleading propaganda against our country? I wish the Amnesty International does not become an asylum for the terrorists and their activities. Of course, as I said, they have good intentions of protecting human rights. I do appreciate that. But I wish they did not resort to this kind of a campaign, this kind of a propaganda. Madam, 'Hindu' is one of the best newspapers in the country. This kind of a propaganda on the part of the Amnesty International gives an impression that the organisation is having a prejudiced attitude towards this country. Otherwise, why should they indulge in such a false propaganda as if this is what is going on here? I wish the Amnesty International takes note of *the* sentiments of the people of this country in regard to their campaign against our country, against our nation.

